प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 21.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता आज जयपुर में डाक मत पत्रों के लिए सुविधा पोर्टल पोस्टल बड्डी की शुरूआत करेंगे। ये राज्य निर्वाचन विभाग का नवाचार है।

....

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र, राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से सभी अनाधिकृत राजनीतिक पोस्टर तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को कई पक्षों से शिकायतें मिल रही हैं कि अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन कई स्थानों पर अभी भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों का अनुपालन न होने या आंशिक अनुपालन होने को गम्भीरता से लिया है और इस मामले में आज शाम तक अनुपालन रिपोर्ट देने को कहा है।

....

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत आज भरतपुर में अग्रसेन महिला महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा चुनावों को देखते हुए मजबूत राष्ट्र के निर्माण में छात्राओं से भागीदानी निभाने के लिए मतदान का आह्वान किया गया। उन्हें वोट के महत्व के बारे में जानकारी देकर मतदाता सूची में नाम जुडवाने के बारे में भी बताया गया। सवाईमाधोपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत आज जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने जिला परिषद कार्यालय में की। इस दौरान जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संचार ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रदर्शनी और मौखिक संदेश के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। उदयपुर में सभी विधानसभा क्षेत्रों में विद्यालयों में संकल्प पत्र भरवाए जा रहे है। स्वीप प्रकोष्ठ की प्रभारी कीर्ति राठौड़ ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से लगभग चार लाख संकल्प पत्र सभी क्षेत्रों के अधिकारियों को वितरित किए गए हैं। रंगोली कार्यक्रम, बैनर और मतदाता शपथ के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस बीच आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों के तहत दौसा जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बडकापाडा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने पीजी कॉलेज में चुनाव व्यवस्था की तैयारियों का भी जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के समय यात्रियों को परेशानी ना हो और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित किया जाये।

....

जयपुर में विश्वकर्मा थानाक्षेत्र के जैसल्या गांव में आग लगने से तीन बच्चों सहित 5 लोग जिंदा जल गए। मृतकों में दंपति तथा उनके तीन बच्चे शामिल हैं। मृतक मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार यह घटना कल रात उस समय घटित हुई जब परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे और अचानक आग लग गई। पड़ोसियों की सूचना पर दमकल ने आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस और एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्घटना पर संवेदना प्रकट की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट कर लिखा कि ये दुर्घटना हृदय विदारक है।

....

बीकानेर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में एक घी–तेल गोदाम तथा मिठाई फैक्ट्री पर कार्यवाही कर करीब ढाई हजार लीटर नकली घी जब्त किया गया है। गोदाम में डिटर्जेंट तथा फिनाइल भी बडी मात्रा में मिला है। इसे खाद्य सामग्री में मिलाया जा रहा था। ऐसी ही एक अन्य कार्यवाही में एक फैक्ट्री से मिठाईयों के नमूने जांच के लिए इकट्ठे किये गये।

....

प्रदेश में गर्मी का असर बढने लगा है। अधिकतम तापमान में बढोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। सबसे अधिक 38 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। फलौदी में 36 दशमलव 6, जैसलमेर में 35 दशमलव 4, जोधपुर में 35 दशमलव 2, श्रीगंगानगर और कोटा में 34 दशमलव 2, अजमेर और भीलवाडा में 33 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान रहा। राजधानी जयपुर में पारा 33 डिग्री तक पहुंच गया है। इस बीच आज राजधानी जयपुर में आंशिक बादल छाये हुए है। वहीं बूंदी में भी मौसम में बदलाव हुआ है और बादल छाये हुए है।

....